प्रेस नोट संख्या- 19

दिनांक 12.12.2024

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी की भैंस बिक्री के कुल 56,000/- रुपये के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 12.12.2024 को उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 334/24 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी से संबन्धित 02 नफर अभियुक्त उल्ला उर्फ सुलेमान पुत्र सुभान निवासी अचलपुर नट का डेरा मजरे विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष व अल्ताब पुत्र सुलेमान निवासी रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को विराज पुल के पास से समय करीब 11:35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उल्ला उर्फ सुलेमान के कब्जे से कुल 20,000/- रुपये व अभियुक्त अल्ताब के कब्जे से कुल 36,000/- रुपये बरामद हुये।

बरामद रुपयों के संबन्ध में पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हमदोनों ने अपने एक अन्य साथी इस्लाम पुत्र लाल मोहम्मद निवासी अचलपुर नट का डेरा मजरे विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर दिनांक 03.12.2024 को ग्राम इमिलिहा से भैंस व पड़वा चोरी किये थे। जिसे हमलोगों ने कुल 60,000/- रुपये में बेंच दिया। जिससे हम तीनों के हिस्से में 20-20 हजार रुपये आये। इस्लाम ने भैंस चोरी के तुरन्त बाद ही खर्चे के लिए 4,000/- रुपये ले लिया था, शेष रुपये हमलोगों के पास बचे हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. उल्ला उर्फ सुलेमान पुत्र सुभान निवासी अचलपुर नट का डेरा मजरे विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।
2. अल्ताब पुत्र सुलेमान निवासी रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।

वांछित अभियुक्त का नाम व पता-

- इस्लाम पुत्र लाल मोहम्मद निवासी अचलपुर नट का डेरा मजरे विराज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी

बरामदगी-

- चोरी की भैंस बिक्री के कुल 56,000/- रुपये।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 334/24 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 हरीशंकर वर्मा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 अनिरुद्ध प्रसाद यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 शिवम राठौर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।